# आकाशवाणी शिमला
## 05.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

**एक्वा पार्क**

राज्य सरकार हमीरपुर जिला के नादौन में 25 करोड़ रूपए की लागत से एकीकृत एक्वा पार्क स्थापित करेगी। ये पार्क उच्च गुणवत्ता वाले मत्स्य आहार की उपलब्धता सुनिश्चित कर स्थानीय लोगों के लिए मछली उत्पादन बढ़ाने में मदद करेगा। इस परियोजना की स्थापना के लिए राज्य सरकार ने भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उम्मीद जताई कि ये पार्क रोजगार व स्वरोजगार सहित आजीविका सृजन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना सरकार की प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से एक्वा पार्क स्थापित किया जा रहा है।

**भाजपा–कार्यशाला**

भाजपा की दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आज सोलन जिले के बद्दी में शुरू हुई। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में हुई इस कार्यशाला के माध्यम से पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव तैयारी शुरू कर दी है। बिंदल ने बताया कि पिछले तीन वर्ष में कांग्रेस सरकार द्वारा भारी मात्रा में कर्ज लेने के बावजूद भी प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह से ठप्प हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने 2 हज़ार से अधिक संस्थानों को बंद करने का काम किया है और इस अवधि में युवाओं और महिलाओं को ठगा गया है। पार्टी प्रभारी श्रीकांत शर्मा और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी कार्यशाला को संबोधित किया।

**सड़क सुधार**

प्रदेश सरकार की सक्रिय नीतियों, बेहतर निगरानी तंत्र और जागरूकता अभियान से राज्य में सड़क हादसों में भारी कमी आई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष–2023 में कुल 2 हज़ार 2 सौ 53 सड़क दुर्घटनाओं के मामले दर्ज किए गए। वर्ष–2024 में ये संख्या 2 हज़ार एक सौ 47 दर्ज की गई जबकि वर्ष–2025 में अब तक केवल एक हज़ार 4 सौ 57 सड़क हादसे हुए हैं। एक सरकार प्रवक्ता ने बताया कि सड़क सुरक्षा क्षेत्र को प्रमुखता प्रदान कर वर्तमान सरकार ने अनेक प्रभावी कदम उठाए हैं। सरकार का लक्ष्य न केवल दुर्घटनाओं की संख्या कम करना है बल्कि नागरिकों के जीवन की सुरक्षा भी सुनिश्चित करना है।

**जीएसटी–खाद्य वस्तुएं**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 सितंबर को शुरू जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कई क्षेत्रों में जीएसटी की दरों में कटौती किये जाने के बाद खाद्य पदार्थों के क्षेत्र में नई जीएसटी दरें नागरिकों के लिए मददगार साबित हो रही हैं। अधिक ब्यौरे के साथ ये रिपोर्ट––

*नई जीएसटी सुधारो के तहत सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के करो में उल्लेखनीय कमी की है। इन सुधारो के तहत अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, पनीर, पिज़्ज़ा ब्रेड और पराठे पर जीएसटी कर शून्य कर दिया गया है, साथ ही नमकीन, भुजिया, मिक्सर, पीने का पानी सॉस और रिफाइंड चीनी जैसे डिब्बा बंद खाद्य पदार्थो सहित सभी वस्तुओं पर भी कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। मक्खन, घी, गाढ़ा दूध, आइसक्रीम, चॉकलेट और प्लांट बेस्ड मिल्क ड्रिंक पर जीएसटी अब केवल 5 प्रतिशत है। जीएसटी करो में इस कमी से घरेलू खर्च के साथ ही लागत कम होने और उत्पादन मात्रा बढ़ाने में मदद मिली है। इस कदम से न केवल उपभोक्ताओं को बल्कि खाद्य प्रसंस्करण मूल्य श्रृंखला के प्रत्येक हितधारक जैसे किसान सहकारी समितियां एमएसएमई खुदरा विक्रेता और निर्यातक को भी लाभ हो रहा है।*

**प्रकाश पर्व**

सिखों के पहले गुरू श्री गुरू नानक देव जी का 5 सौ 56वां प्रकाश पर्व आज धूमधाम से मनाया जा रहा है। राजधानी शिमला में भी इस अवसर पर गुरूद्वारों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रकाश पर्व के चलते शहर के सभी गुरूद्वारों को फूलों से सजाया गया है। गुरूद्वारा सिंह सभा शिमला के अध्यक्ष जसविंदर सिंह ने बताया कि गुरू नानक सिख धर्म के संस्थापक और पहले सिख गुरू थे और उन्होंने लोगों को धर्म व जात के नाम पर लड़ाई न कर मिलजुल कर रहने का संदेश दिया था।

**अनिरूद्ध सिंह**

ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की चैड़ी पंचायत में आज करीब तीन करोड़ 40 लाख रूपए की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। अनिरूद्ध सिंह ने बताया कि राजकीय विद्यालय क्यारकोटी के भवन के निर्माण पर चार करोड़ 82 लाख रूपए की राशि खर्च होगी और इस भवन का निर्माण पुरानी शैली में किया जाएगा।

............................................................................................................................................